Opinions of learned persons of repute about the book.

पुस्तक के विषय में कुछेक भारत विख्यात विद्वानों की सम्मतियाँ

सुप्रसिद्ध मर्मज्ञ ऐतिहासिक विद्वान

महामहोपाध्याय रायबहादुर

श्री गौरीशंकर हीराचन्दजी ओझा

सुपरिन्टेन्डेन्ट, गवर्नमेन्ट म्यूज़ियम, अजमेर.

श्रीयुत जगदीशसिंह गहलोत ने 'मारवाड़ के ग्रामगीत' प्रकाशित कर राजपूताने के इस पुराने साहित्य की बड़ी सेवा की है। ग्रामगीत बड़े रोचक होते हैं इतना ही नहीं किन्तु वे वीर रस के, शृंगार के तथा सामाजिक रीतिरिवाज आदि के प्रदर्शक होते हैं। ऐसे प्राचीन गीत दिन दिन लुप्त होते जाते हैं इसलिये उनका संग्रह कर प्रकाशित करना परमावश्यक है। उनका संग्रह इतना बड़ा मिलता है कि उनके संग्रह से ऐसी ऐसी कई पुस्तकें बन सकती हैं। मारवाड़ के ही नहीं किन्तु राजपूताने के अन्य राज्यों के एवं बाहर के अनेक प्रदेशों के ऐसे गीतों का प्रकाशित होना भी आवश्यक है। श्रीयुत गहलोत ने यह पुस्तक प्रकाशित कर दूसरों के लिये पथदर्शकता का काम किया है, पुस्तक रोचक होने के कारण जनता इसका यथेष्ट आदर करेगी ऐसी आशा की जाती है। लेखक का प्रयत्न प्रशंसनीय है।

अजमेर
ता. २२-१०-१९२९ ई. } गौरीशंकर हीराचंद ओझा

Dr Suniti Kumar Chatterji M. A., D. Litt (London) Khaira Professor of Indian Linguistics and Phonetics Lecturer in English & Comparative Philology and Fellow University of Calcutta

"......I think your collection is conceived in a proper Scientific as well as literary spirit. Their range is quite wide, and from your book a good idea of the songs and ballads that enter so much in the life of people can be formed. The notes and the introductions will be useful. Some of the things in your selection are beautiful... Students of Indian Philology and Indian literature must thank you for giving them this collection, which has a value from various aspects Social, Ethnological, Linguistic, Historical. I hope your book will be well received in scholarly as well as popular circles, and this will induce you to go on with your collections and publish more of the popular songs and other compositions current in the country side before the changing spirit of the times completely kills them off ...... "

कलकत्ता-विश्वविद्यालय के अंग्रेजी साहित्य और भाषा-विज्ञान के अध्यापक साहित्याचार्य्य श्रीयुत डाक्टर सुनीतिकुमार चटर्जी

एम० ए०, डी० लिट्, पी० आर० एस.

"मेरी सम्मति में आपने यह मारवाड़ी गीतों का संग्रह बड़ी सावधानी से तथा समुचित साहित्यिक रीति से किया है। इस संग्रह में जितने गीत हैं उनके विषय काफ़ी व्यापक हैं और उन्हें पढ़ कर मारवाड़ प्रांत के ग्राम-गीतों का अच्छा ज्ञान हो सकता है। यही नहीं उनका वहाँ के ग्राम निवासियों के जीवन में क्या महत्व पूर्ण स्थान है इसका भी पता लग सकता है।

संग्रह तो अच्छा है ही, किन्तु उसमें जो गीतों के परिचय तथा टिप्पणियां हैं उनसे पुस्तक का महत्व और भी बढ़ गया है।.........हिन्दुस्थान के भाषा तत्वज्ञों तथा साहित्यज्ञों को यह संग्रह बड़े काम का सिद्ध होगा, क्योंकि यह कई प्रकार से उपयोगी है। समाज शास्त्र, मानव-विज्ञान, भाषा-विज्ञान तथा इतिहास इन सभी दृष्टियों से भारतीय साहित्य का अध्ययन करने वाले इस पुस्तक से लाभ उठावेंगे।

मुझे दृढ़ विश्वास है कि आपके इस सद्दुयोग का विद्वान समुचित आदर करेंगे और साधारण जनता का भी इससे मनोरञ्जन होगा। मेरा विश्वास है कि इस प्रकार उत्साहित होकर आप इस ढंग के ग्राम जीवन से सम्बन्ध रखने वाले गीतों तथा अन्य इसी प्रकार के प्रचलित साहित्य का सम्पादन करेंगे जिससे आज कल की अवहेलना पूर्ण प्रवृति से ऐसे अमूल्य साहित्यिक-भण्डार की रक्षा होगी।"

4861
No. J.P.2 C.481-2

From

The Vice President
OF STATE COUNCIL,
JODHPUR.

To

Mr.Jagdish Singh Gahlot, M R A S,
Antiquarian & Research Scholar,
JODHPUR.

Dated Jodhpur, the 17th June 193

Dear Sir,

With reference to your presentation of a copy of the Folk songs of Marwar (Marwar ke-Gram git), I am to inform you that His Highness the Maharaja Sahib Bahadur has been pleased to approve of the recommendations of the State Donation Committee for the grant of Rs.100/- (Rupees one hundred only) to you in appreciation of the useful contribution your publication makes to the study of folklore - an interesting and important branch of literature,yet almost unexplored so far.

Yours truly,

[signature] M A LL B, R.B,
ice President,
State Council.
[initials] 17.6.31

M R M

(अनुवाद)

राव बहादुर ठाकुर चैनसिंह एम.ए., एल.एल.बी. आफ़ पोकरन
वाईस प्रेसीडेन्ट स्टेट कोन्सिल, राज मारवाड़ जोधपुर
बनाम मिस्टर जगदीशसिंह गहलोत एम. आर. ए. एस.
इतिहासवेत्ता व अन्वेषक (रिसर्च स्कालर) जोधपुर
चिट्ठी नं० ४=६१ एफ़. पी० ता० १७ जून १६३१ ई०

प्रिय महाशय ! -

आपने ग्रामगीत नाम की जो पुस्तक भेंट की उसके लिये श्रीमान हिज हाईनेस महाराजा साहब बहादुर ने प्रसन्न हो कर राज्य की पुरस्कार समिति की सिफ़ारस से आपको १००) एक सौ रुपये का पुरस्कार देने की आज्ञा दी है। आपने यह उपयोगी पुस्तक सम्पादन कर मारवाड़ के ग्राम साहित्य के एक ऐसे महत्व पूर्ण व मनोरञ्जक अङ्ग की पूर्ति की है, जिस की ओर लोगों का ध्यान नहीं गया है और जिस साहित्य क्षेत्र में प्रायः किसी ने अब तक प्रवेश भी नहीं किया है। यह देखते हुए आपका यह कार्य्य प्रशंसनीय है।

—*—

सुप्रसिद्ध देशभक्त कुँवर चांदकरण शारदा

बी ए., एल एल.बी., एडवोकेट, अजमेर

जिस प्रकार जरवाइनस, डाऊडन, डाइटन (Jirvinus, Dowden, Deighten) इत्यादि विद्वानों ने टीका लिखकर शेक्सपीयर के नाटकों का वह रहस्य दिखलाया जिसका किसी को पता तक नहीं था। उसी प्रकार इसके सम्पादक महाशय ने मारवाड़ी के सुन्दर रसीले गीतों की मधुर व्याख्या कर मारवाड़ी साहित्य की शोभा बढ़ाई है। मैं गहलोतजी को बधाई देता हूँ। मारवाड़ी गीतों के रसिक जन इससे अवश्य आनन्द उठावें।

हिन्दी साहित्य के महारथी लेखक, सम्पादकाचार्य प्रसिद्ध समालोचक

श्रीयुत पण्डित महावीर प्रसाद द्विवेदी

" "ग्रामगीत साहित्य की मूल्यवान शाखा है जिस को हम क़रीब करीब भूल ही से गये थे। और इस विचार से आपकी पुस्तक विशेष रीत से उपयोगी है।......... आपकी इस रचना के लिये मैं आपको बधाई देता हूँ और सफलता चाहता हूँ।..."

गीतों की सूची

विषय पृष्ट

विषय पृष्ठ

कुल पृष्ठ २१०

राजियां के सोरठे

राजिया के सोरठे मारवाड़ी भाषा में अपूर्व रत्न हैं इनमें आपको राजनीति, धर्म, समाज-सुधार, शिक्षा आदि अनेक विषयों पर सरस तथा अनेक भावों से पूर्ण सोरठे मिलेंगे। भूतपूर्व रेजीडेन्ट, जोधपुर कर्नल पावलेट ने राजिया के सोरठों पर मुग्ध होकर उनका अंग्रेज़ी में अनुवाद किया था। वे कहा करते थे कि "यह मारवाड़ी भाषा में अमूल्य रत्न है।" महाराजा मानसिंह ने राजिया को सम्बोधित करते हुवे कहा है—

सोने री सेजांह नग कण सूं जड़िया जकै।
कीन्हों कविराजांह, राजा मालम राजिया॥

अर्थात् हे राजिया! तेरे पद्य मोतियों से जड़े स्वर्णभूषणों के समान हैं, जिनके प्रताप से चारणों में रईशों में ख्याति पाई है।"

वास्तव में राजिया के सोरठे ऐसे ही अलभ्य रत्न हैं। मारवाड़ में राजा से रङ्क तक इन सोरठों को बोलते पाये जाते हैं।

आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि हमने उन्हीं बिखरे हुये रत्नों को बटोर कर पुस्तकाकार "राजिया के सोरठे" प्रकाशित किये हैं। पुस्तक क्या है, यह आप देखकर ही अनुमान कर सकेंगे। हमने बहुत मेहनत और खर्च के पश्चत् इस पुस्तक को तय्यार किया है। पाठकें के समझने के लिये प्रत्येक सोरठे के नीचे सरल हिन्दी भाषा में उसका अर्थ भी लिख दिया है। आशा है आप इनका रसास्वादन करने का अवसर हाथ से न जाने देंगे। मूल्य केवल ≡)॥ साढ़े तीन आना मात्र प्रचारार्थ रखा गया है।

पता—

हिन्दी साहित्य मन्दिर, जोधपुर।

मारवाड़ के ग्राम गीत

[Folk-songs of Marwar]

(भूमिका)

Let me make the songs of a nation,
I care not who make its laws.

—*Fletcher of Saltoun.*

क अंगरेज़ी का कवि कहता है कि यदि मुझे किसी भी देश के जातीय गीतों की रचना करने का सौभाग्य मिले तो फिर मैं इस बात की ज़रा भी परवाह न करूँ कि उस देश के राज्य शासन सम्बन्धी क़ायदे-क़ानून कौन बनाता है। उस कवि के कहने का तात्पर्य यह है कि किसी भी देश में लोगों के स्मृति भण्डार में हर्ष शोक, प्रेम-द्वेष, संयोग-वियोग आदि भिन्न भिन्न विषयों के जो मार्मिक गीत गड़े रहते हैं और जो अनुकूल अवसर पाकर उनके हृदयों से स्फुरित हो कर गान रूप में निकल उठते हैं उनसे जातीय जीवन की पूरी झलक मिलती है। यही नहीं यदि किसी कवि में विभिन्न भावों को जीती जागती भाषा में प्रकट करने की शक्ति हो तो वह

अपने गीतों के द्वारा अपने देश वालों के दिलों में एक नया जीवन पैदा कर सकता है।

गाँव की साधारण स्त्रियाँ भी शादी, मेले, जन्मोत्सव आदि मंगल अवसरों पर ऐसे गीत गाती हैं, जिनमें मंगल मधुरता भरी पड़ी है और जिनसे स्त्री जाति के पातिव्रत्य धर्म, वियोगिनी की व्यथा आदि का परिचय मिलता है। इसी प्रकार देहात में ग्वाले, धोबी तथा अन्य उस श्रेणी के लोग जिनके प्रति दिन के धन्धों को देख कर हम सहसा उन्हें बिल्कुल ही शुष्क हृदय समझने लगते हैं, उनके दिलों में दिन भर की कठिन मेहनत से थक जाने पर जिस समय मनोवेग उमड़ते हैं उस समय वे अनगढ़ किन्तु भावपूर्ण भाषा में जो गीत गाते हैं उन्हें यदि हम सुनें तो ग्राम गीतों का असली स्वरूप देख पड़ने लगता है। क्योंकि यह प्रकट हो जाता है कि जिसे पढ़े लिखे लोग साहित्य मानें बैठे हुवे हैं उसमें शाब्दिक सजधज तथा गहन से गहन विषयों की काट छाँट क्यों न हो पर उनसे बहुधा देश के जीवन का तथा देशवासियों के हृदय के भावों का पता नहीं लगता। इन ग्राम्य-गीतों में कृत्रिम नागरिक जीवन का वर्णन नहीं होता, किन्तु गाँव वालों के दिन प्रति दिन की साधारण से साधारण घटनाओं तथा अनुभवों का हृदयग्राही चित्र रहता है।

हमारे देश का अधिकतर भाग गाँव वालों से भरा है और प्राचीन सभ्यता तथा आदर्श के बचे खुचे स्मारक चिन्ह इन्हीं

गीतों में सुरक्षित है। आज कल जब कि पश्चिम से आये हुये आचार विचार तथा वेष-भूषा के झोंके में यह भय है कि कहीं हमारा पुराना सामाजिक जीवन लुप्त न हो जाय और हम लोग स्वयं एक कृत्रिमता-पूर्ण सभ्यता के वेग में पड़ कर कृत्रिम और नीरस न बन जांय, ये ग्राम गीत अब भी हमारे जातीय जीवन को तथा हमारे दिलों को सरस बनाये रहते हैं।

लोगों का अनुमान है कि मरुस्थल जैसे रूखे सूखे प्रांत में सरस और काव्य के भावों को लिये हुवे गीत कैसे मिल सकते हैं। परन्तु यह विचार असत्य प्रतीत होगा जब कि हम गांवों के गीत जिनकी बानगी इस पुस्तक में दी गई है पढ़ने का प्रयास करेंगे। इनमें शृंगार, प्रेम, करुणा, वीर आदि रसों का आगार मिलेगा। ग्राम जीवन की स्वाभाविकता और लोगों के शुद्ध भावों का चित्र और उपदेश भी इसमें देखने को आयेगा।

ग्राम गीतों से देश या समाज का क्या भला हो सकता है। इस विषय पर लोग प्रश्न कर सकते हैं। इसलिये यह निवेदन करना भी अनुचित नहीं होगा कि बहुधा इन गीतों को स्त्रियें गाती है और उन्हीं के अधिकांश रचे हुवे हैं। इसलिये इनके पढ़ने से स्त्रियों के दिमाग़ की खूबी और कवित्व शक्ति नज़र आयेगी, जिसका अभाव स्त्री जाति में हमने भूल से समझ लिया है। इनसे गांवों के रीति-रस्म और लोगों के रहन सहन का परिचय मिलेगा और गृहस्थ के परस्पर आदर्श व्यवहार की शिक्षा प्राप्त होगी। इसके सिवाय जिस अमूल्य चीज़ को हमारी

लिखी पढ़ी बहिनें अपने घरों में प्रचलित सुन्दर स्वभाविक और उपदेशप्रद गीत भूलती जा रही हैं और उनके स्थान में निकम्मी और प्रायः अश्लील गज़लें आदि अपना रही हैं, उस सुन्दर प्राकृतिक वस्तु की ओर इस संग्रह द्वारा उनका ध्यान जायगा। यह ग्राम गीत एक निरर्थक और किस्से कहानियों की तरह मन बहलाव की ही चीज़ नहीं है। यह बात अंगरेज़ी भाषा में इस विषय पर प्रकाशित पुस्तकों से भली प्रकार प्रकट है। क्योंकि अंग्रेज़ विद्वानों ने भी भारतीय ग्राम गीतों का बड़े परिश्रम और रुचि के साथ संचय किया है, जिनको पढ़कर हृदय गद्गद् हो जाता है। *वास्तव में यह कविता है ही ऐसी* ही वस्तु। कवि वर्डस्वोर्थ साहब ने कहा है :—

"Poetry is the spontaneous overflow of powerful feelings"

"कविता वो चीज़ है जिससे मनुष्यों के विचार आपसे आप उमड़ते हैं और प्रकट होते हैं।" अर्थात वो कविता ही नहीं जिससे कृत्रिम भाव या शब्दों की ठूंसाठूंस हो।

यही सोच कर मारवाड़ी भाषा के उन भाव पूर्ण गीतों में से-जो आज तक मौखिक रूप से प्रचलित है-थोड़े से वाचकों को भेट किये जाते हैं। ये गीत दिनोंदिन लुप्त होते जा रहे हैं और उनके स्थान में फ़ालतू नयी तर्ज़ के गीत जो किसी मयारफ़ के नहीं होते हैं बहुत गाये जाने लगे हैं। इस प्रकार यदि ये पुस्तक रूप में आ जायँगे तो हिन्दी-साहित्य के एक

रोचक अंग की पूर्ति कुछ न कुछ उनसे अवश्य होगी। इन्हें पढ़कर वाचकों को पता लगेगा कि वे कितने सरस, मधुर, उपदेशप्रद, सजीव और हृदयग्राही हैं। यहाँ मारवाड़ शब्द हमने व्यापक रूप में लिया है। मारवाड़ के गीतों से हमारा तात्पर्य राजस्थानी गीतों से है। पाठक प्रायः कई राज्यों के दो दो चार चार गीत इस संग्रह में पावेंगे। सम्पादन करते समय हमने उन गीतों को सम्मिलित नहीं किया है जिनको अश्लीलता के कारण भाई और बहिन साथ नहीं पढ़ सकते।

यदि हिन्दी प्रेमियों ने अपनी रुचि इनमें दिखाई तो हम फिर गीतों का बड़ा संग्रह निकालेंगे। जिसमें अनेक विषयों के ग्राम गीत होंगे और साथ ही साथ उनकी आलोचनात्मक व्याख्या भी की जायगी। इस संग्रह में भी दो एक गीतों की संक्षेप में व्याख्या बानगी के रूप में दी गई है। जैसा कि मुख पृष्ठ (टाइटल पेज) पर तीरंगा चित्र है, मारवाड़ी स्त्रियां बिना किसी साज बाज के ही गाया करती हैं। संयुक्त प्रांत की तरह ढोलक पर वे नहीं गाती हैं।

प्रूफों के देखने में जहाँ तहाँ अशुद्धियाँ रह गई हैं वे अन्त में शुद्धिपत्र लगा कर ठीक कर दी गई है। आशा है सहृदय वाचक शुद्धिपत्र को अवलोकन कर उन्हें सुधार लेंगे।

जोधपुर-मारवाड़
ता० १३-१०-१९२९ ई०

जगदीशसिंह गहलोत

ओ३म्

पणिहारी

"पणिहारी" का गीत राजपूताने भर में खूब प्रसिद्ध है और वर्षा ऋतु के आगमन होते ही मारवाड़ी-अलबेली छबीली नवेलियाँ मधुर तार स्वर से उमंग के साथ उसे गाती हुई सुनाई देती हैं। इस गीत का भावार्थ बड़ा सुन्दर है। एक युवती का पति परदेश गया हुआ है। सावन का महीना आ पहुँचा है। नदी तालाब सब भर चुके हैं। बादल घिरे हुवे हैं। उत्तर दिशा से घटा उमड़ी है। उसकी अन्य सहेलियाँ सारे श्रृङ्गार कर छमाछम करती हुई, शिर पर गागर रक्खे हुए और महीन झिलमिलाते घूंघट काढ़े हुए, रिमझिम मेंह में पानी भरने उसके साथ जाती हैं। सौभाग्य से अकस्मात उसका पति ऊंट पर सवार घर को लौटता है। दोनों की भेंट तालाब के घाट पर होती है। पति तो अपनी स्त्री को कुछ कुछ पहिचानता है परन्तु बहुत समय बीत जाने से नायिका अपने पति को बराबर नहीं पहिचान सकी। युवक उस युवती की उदासीनता से

उसकी ओर आकृष्ट सा हो जाता है और स्वतः उससे बात चीत करने को उसका जी लालायित हो उठता है। उधर स्त्री भी युवक का रूप रंग, परिश्रान्त मुखमंडल और उसका दूर आगमन तथा उसके मुख का अपने देवर व नणद के मुखों से सदृश्ता देख कर उसकी ओर मुग्धता से देखने लगती है और भूल जाती है पानी भरना। घड़ा और कलश पानी में डूबता ही नहीं है। उसकी ईडाणी सिर से गिर कर पानी में तैरने लगी। उसका ध्यान युवक की ओर है। वह कुछ बेसुधसी है। युवक पूछता है, हे पणिहारी! दूसरी तेरी सहेलियों के तो आंखों में काजल और माथे में टीकी है परन्तु तुम बिना टीकी हो और तुम्हारा नैन क्यों फीका है? वह उत्तर देती है कि हे भ्रमण शील ऊंट के सवार! औरों के पति घर बसते हैं और मेरे परदेश में हैं। मैं किस दिल से शृङ्गार करूं। इस पर युवक कहता है कि तालाब में पटक दो इस घड़े को और मेरे साथ ऊंट के पीछे बैठ कर चलो। इस सांकेतिक निमंत्रण पर उस धर्म-प्राणा पतिव्रता युवती के हृदय में आग जल उठती है। भड़क कर कहती है कि ऐसी तुम्हारी जीभ को आग लगा दूंगी। तुम्हें काला नाग क्यों न डस जाय। जो ऐसा कुप्रस्ताव करते हो। बस! इसके पश्चात युवक ऊंट को दौड़ा कर घर पहुँचता है। और उसके पीछे पानी लेकर युवती भी अपने घर पहुँचती है अपनी सास से सब रिपोर्ट सत्य सत्य कहती है कि "एक ऊंट वाला मुझे ए सासूजी! ऐसा मिला जिसने मेरे मन की

बात पूछी। वो मेरे देवर के जैसा लम्बा व पतला था और उसका मुख नणद के अनुहार था"। तब सास उतर देती है कि हे मेरी बहू! तुम तो बहुत ही भोली हो वो कोई दूसरा नहीं था वह तुम्हारा ही सौभाग्य का सूर्य्य और भाल का तिलक प्रिय पति था। इस पर पणिहारी प्रसन्न-गद्‌गद हो जाती है।

अब असली गीत का आनन्द लूटिएः—

(राग मल्हार)

आज धुराऊ[1] धूंधलो[2] ऐ, पणिहारी हे लो।
मोटोड़ी छांटां रो बरसे मेह, वाला[3] जी हो ॥ १ ॥
किणजी खुणाया[4] नाडा नाडियां ए, पणिहारी हेलो।
किणजी खुणायो ऐ तालाव, वाला जी हो ॥ २ ॥
सासूजी खुदायो नाडा नाडीया ऐ, पणिहारी हेलो।
सुसरो जी खुदायो ऐ तलाव, वाला जी ओ ॥ ३ ॥
किणसुं वधावो ऐ नाडा नाडिया ऐ पणिहारी हेलो।
किणसुं वधावो ऐ तलाव, वाला जी ओ ॥ ४ ॥
नारेले वधावो नाडा नाडीया ए, पणिहारी हे लो।
मोतीड़े वधावो समंद तलाव, वाला जी ओ ॥ ५ ॥
सातां रे सहेल्यां रे झूलरो[5] ऐ, पणिहारी हे लो।

१-ध्रुव। २-धुंध = कोहरा। ३-वाला जी ओ = पति का आदर सूचक सम्बोधन। ४-खुणाया = खुदाया। ५-झूलरो = झूंड।

पाणिड़े ने गई रे तलाव, बाला जी ओ ॥ ६ ॥
घड़ो न डूबै बेवड़ो ऐ, पणिहारी हे लो।
ईंढाणी रे तिर तिर जाय, बाला जी ओ ॥ ७ ॥
ओरां रे तो काजल टीकियां ऐ, पणिहारी हे लो।
थारोड़ा है फीका सा नैण, बाला जी ओ ॥ ८ ॥
ओरां रा पीवजी घर बसै, लंजा[1] ओठी[2] हे लो।
म्हारोड़ा बसै परदेश, बालाजी ओ ॥ ९ ॥
सातों रे सहेल्यांरे पांणी भर चली रे पणिहारी हेलो।
पणिहारी रे रयोड़ी तलाव, बाला जी ओ ॥ १० ॥
बेवते[3] ओठी ने हेलो[4] मारीयो ए, लंजा ओठी हेलो।
घड़इयो उखणावतो[5] जाव, बाला जी ओ ॥ ११ ॥
घड़ो तो पटक दैनी ताल में, पणिहारी हे लो।
चाले नी ओठीड़े री लार,[6] बाला जी ओ ॥ १२ ॥
बालूँ ने जालूँ थारी जीभड़ी ए, लंजा ओठी हे लो।

१-भटकती चालवाला। ये अरबी शब्द है। २-ओटी=उष्ट्ररोही यानी ऊंट का सवार। ३-जाते हुये। ४-आवाज। ५-उठाना। ६-पीछे राजस्थान प्रांत (मारवाड) में ऊंट पर आगे बनिहू बेटी चढ़ती हैं और पीछे ब्याहिता स्त्री। इससे यहां का रिवाज बताकर संकेत में नायिका को अपनी पत्नि हो जाने को कहा है।

डसजो थनै कालो नाग, बाला जी ओ ॥ १३ ॥
चाले तो घड़ायदों तनें बाड़लो ए, पणिहारी हे लो।
चाले तो घड़ावों नवसर हार, बाला जी ओ ॥१४॥
एड़ा तो बाड़लिया म्हारे घरे घणा रे लंजा ओठी हेलो।
खूटईये रे टांग्या नवसर हार, बाला जी ओ ॥१५॥
हाले तो चीरावों थारे चुड़लो ए, पणिहारी हे लो।
हाले तो ओढ़ावों दखणी रो चीर[1] बाला जी ओ॥१६॥
चूड़लो चीरासे धण रो साहिबो रे, लंजा ओठी हेलो।
ओढणियो ओढासे मां जायो बीर, बालाजी ओ ॥१७॥
के हेरे सासू थारे सावकी ए, पणिहारी हे लो।
के हेरे थारो पीहरीयो परदेश, बालाजी ओ ॥ १८ ॥
नहीं रे सासू म्हारे सावकी रे, लंजा ओठी हे लो।
नहीं रे म्हारे पीहरीयो परदेश, बाला जी ओ ॥१९॥
घड़ो तो भरने पाछी वली ए, पणिहारी हे लो।
आयोड़ी रे फलसे सुं बार, बाला जी ओ ॥ २० ॥
घड़ो तो पटकदां रे ऊभी चोक में रे म्हरा सासू जी हे लो।
घेगो रे म्हारो घड़ईयो उतराव ए, बाला जी ओ ॥२१॥

१—तत्कालीन दक्षिण की प्रसिद्ध दुपट्टे और साड़ी।

किण तने मोसो[1] मारीयो ए म्हारी बहूवड़जी हे लो।
किण तने दीनी गाल ए, वाला जी ओ ॥ २२ ॥
एक ओठी म्हाने इसो मिल्यो[2] म्हारा सासूजी हे लो।
पूछी म्हारे मनड़े री बात, वाला जी ओ ॥ २३ ॥
किणजी सरीखो ओठी फूठरो ए म्हारी बहूवड़जी हे लो।
किणजी री आवे अणेहार, वाला जी ओ ॥ २४ ॥
देवरजी सरीखो ओठी फूठरो ए, म्हारा सासूजी हे लो।
नणदल बाई रे आवे अणेहार, वाला जी ओ ॥२५॥
थे तो म्हारा बहूजी भोला घणा, भोला बहूजी हे लो।
वे तो है थारा ही भरथार, म्हारा वाला जी ओ॥२६॥

देश-प्रेम

[वालो[3] लागे छै म्हारो देसड़ो ए लो]

इस गीत में मरुस्थल की रहने वाली स्त्री के हृदय में अपने निर्जल देश के लिये कितना प्रेम है। जिसको वो अकाल हो जाने पर भी नहीं छोड़ना चाहती है। यह इसमें दिखलाया

१–ताना। २—पतिव्रता का धर्म है कि कोई बात बड़ों से नहीं छिपावें। ३—वालो = प्यारा।

गया है। उसके जी में सदा ये उत्साह रहता है कि अकाल का समय चिरस्थायी नहीं है। आकाश में बादलों को और तालाब में पानी देखकर उसके हर्ष का पारावार नहीं रहता। और संसार के सब देशों को अपने स्वदेश के मुक़ाबले में हेच समझती है। *

वालो लागे छै म्हारो देसड़ो ए लो
किमकर जाऊँ परदेस बाला जो।
ऊँचा २ मारूजी रे गोखड़ा ए लो
नीचे म्हाँरे सरवरिये री पाल बाला जो ॥वालो०॥
बादल छाया देस में हे जोय
नदिया नीर हिल्यो हील रे
बादल चमके बीजली चमक चमक झड़ लाय
सरवर पाणीड़े ने मैं गई
भीजे म्हारे सालूडे[1] री कोर, बाला जो
वालो लागे छै म्हारे देसड़ो ए लो ॥

---

* ये गीत वर्तमान बीकानेर नरेश महाराजा सर गंगासिंह जी साहब बहादुर को अति प्रिय है और वे इसे बड़े चाव से जलसों में गवाते हैं जब कि बड़े लाट साहब या अँग्रेज़ पदाधिकारी बीकानेर जैसे मरुभूमि का निरीक्षण करने जाते हैं।

१—साड़ी।

धूँसो

प्रत्येक देश में एक ऐसा गीत प्रचलित होता है जिसमें उस देश के प्राकृति दृश्यों, वीरो अथवा वहां के लोक प्रिय नरेशों की प्रशंसा बड़े ही भावपूर्ण शब्दों में की जाती है। इस प्रकार के गीतों को सुन कर वहां के रहने वालों के हृदय फड़क उठते हैं और देश प्रेम से वे भर जाते हैं। यहां पर जो मारवाड़ का "धूँसा" शीर्षक गीत दिया जा रहा है उसमें मारवाड़ के प्राचीन गौरव का वर्णन है। और उसको गाने वाले अपने समय के राजा का नाम लेकर उसका गुण गान करते हैं।

वीर जातियों के गान वीरता पूर्ण होते हं। सिंह धाड़ते हैं। म्याऊँ म्याऊँ नहीं करते हैं। राठोड़ राष्ट्रीय गान "धूँसा" भी वीरोचित गान है। राष्ट्रीय गानों में शब्द योजना की ओर इतना ध्यान नहीं दिया जाता जितना उसकी गानातर लय प्रवाह पर क्योंकि ये वाद्ययंत्रों पर बजाने की वस्तु है। गाने की नहीं होती। इसलिये इस धूँसा की खूबियें लिखकर नहीं बताई जा सकतीं।

होली के दिनों में सारी जनता किस मस्ती के साथ चंग पर इसे गाती हैं वह देखने व सुनने की वस्तु है, पढ़ने की नहीं। वह "धूँसा" गीत इस प्रकार है.—

(गीत लूर सारंग-ताल होली)

धूँसों[1] बाजे रे महाराजा उम्मेद[*] सिंहजी रो,
धूसों बाजे रे ॥ टेर ॥

महाराजा उमेदसिंह कँवर, कन्हैया
हुक्म दियो रे खेलो होली ॥ धूसों० ॥ १ ॥

जीवणी[2] मिसल मांह चांपा[3] कूंपा[4]
ऐ ओपे मारू[5] रण-थाल[6] ॥ धूसो० ॥ २ ॥

डावी[7] रे मिसल[8] ऊदा[9] मेड़तिया[10]
जोधा[11] है शूरां री ढाल ॥ धूसो० ॥ ३ ॥

आउवो[12] आसोप तो माणक मूंगा
ज्यूँ सोहै रतनां री माल ॥ धूसो० ॥ ४ ॥

१—जीत के ढोल। * नाम राजा जो उस समय गद्दी पर हो। २—दाहिनी। ३-जोधपुर नरेश राव रणमल के राजकुमार चांपाजी राठोड़ के वंशज "चांपावत" ४—कूंपाजी राठोड़ के वंशज "कूंपावत"। ५—मारवाड़ी, मारवाड़ के। ६—रणक्षेत्र में पछाड़ने वाले। ७—बाए। ८—दरबार में बैठक। ९—जोधपुर नरेश राव सूजाजी के छोटे भाई उदाजी राठोड़ के वंशधर "उदावत"। १०—मेड़ता नरेश राव दूदाजी राठोड़ के वंशधर निवास स्थान मेड़ता (मारवाड़ में) के पीछे "मेड़तिया" प्रसिद्ध हुए। ११—जोधपुर नरेश वीर जोधाजी राठोड़ के वंशधर "जोधा"। १२—आऊवा, आसोप, रीयां, रायपुर और खेरवा जोधपुर राज्य के प्रसिद्ध जागीरी ठिकाने

रींयां रायपुर और खैरवो
दीपे ज्यूँ माल करवाल[1] ॥ धूसो० ॥ ५ ॥
जैमल[2] हुवो मुल्क में चावो[3] ।
अमरो[4] हिंदवां लज-रखवाल ॥धूसो० ॥६॥
मुकन[5] जैदेव[6] गोरां[7] जमवारी

(1states) हैं और ये अपनी अपनी खांप (वंश Clans) के मुखिया हैं । १—तलवार । २—चित्तोड़ (मेवाड़) युद्ध का सुप्रसिद्ध सेनापति वीर शिरोमणि राव जैमल मेड़तिया जिसके मुख्य वंशधर मेवाड़ के बदनोर और रूपाहेली ठिकानों के सरदार हैं । ३—प्रसिद्ध । ४—नागोरपति स्वाभिमानी वीरवर राव अमरसिंह राठोड़ । ५—सपेरा (कालबेलिया) का स्वांग भर के शाही पहरे से बालक महाराजा अजीतसिंह (जोधपुर नरेश) को बचाने वाला वीर मुकन्ददास खीची । ६—महाराजा अजीत का पालन पोषण करने वाला सिरोही राज्य निवासी पुरोहित जम्मूजी (जयदेव) । ७—मेहतरानी का स्वांग भर कर टोकरी में महाराजा अजीतसिंह को रखकर शाही पहरे से बाहर लाकर बालकों को मुकन्ददास खीची को सोंपने वाली मंडोर निवासी धाय गोरा टाक नामक वीरांगना । इसकी बनाई बावड़ी जोधपुर शहर में पोकरन हवेली से सटी हुई है जो अपभ्रंश रूप गोरधा (गोरां धाय) बावड़ी कहलाती है । गोरां धाय की जहां सं० १७१८ में अन्त्येष्टी हुई उसपर बनी स्मृति छत्री व शाल

धन दुरगो[1] राखियो अजमाल[2] ॥घूसो॰ ॥७॥
जठी रे जावे जठी फतह कर आवे।
वांकी है फौज राठोड़ रुखाल[3] ॥घूसो॰ ॥८॥
वांका वांका पेच[4] राठोड़ां ने सोहे।
पिचरंग पेच ढूंढाड़[5] भूपाल ॥ धूसो॰ ॥ ९ ॥
कड़ा ने किलंगी[6] राठोड़ां ने फावे।
मोरिया री पांख कछावा[7] बाल[8] ॥घूसो॰॥१०॥
लाख लाख वां रे तोप-रहँकला[9]।
अणगिण ऊंट रसाला काल[9] ॥घूसो॰ ॥११॥

इस लोकप्रिय गान का थोड़े से शब्दों में यह अर्थ है कि महाराजा साहब के विजय नगारे बज रहे हैं। महाराजा, कृष्ण

नाहरजी की बावड़ी के पास कचहरी रोड पर वाके है।

१—बालक महाराजा अजीत का रक्षक व अठारहवीं शताब्दी के स्वराज्य संग्राम का क्रान्तिकारी योद्धा वीर शिरोमणि राव दुर्गादास राठोड़ जिसके बाहुबल पराक्रम तथा बुद्धिबल से सम्राट औरंगजेब को निगला हुआ मारवाड़ का राज्य फिर उगलना पड़ा था। २—बालक जोधपुर नरेश महाराजा अजीतसिंहजी। ३—रक्षा करने वाले। ४—पगड़ी के आंटे। ५—जयपुर राज्य का पुराना नाम। ६—कलगी। ७—कछवाहा राजवंश। ८—बालक। ९—यमदूत, भयंकर।

कन्हैया की तरह प्रतापी प्रजा प्रिय और नीतिज्ञ है। और उन्होंने कृष्ण कन्हैया की तरह जनता के लिये होली खेलने का प्रबन्ध किया है। अर्थात् आनन्द मनाने तथा मौज करने का हुक्म दिया है।

आगे कवि ने महाराजा साहब और वीर सामंतगण का सम्बन्ध और बैठक कुरब-क़ायदे बतलाये हैं कि "राजदरबार के समय महाराजा साहब के सिंहासन के दाहिनी (Right) तरफ़ तो राठोड़ राजवंश की चांपावत, और कूंपावत, नामक शाखायें शोभायमान हैं जो रणक्षेत्र में शत्रुओं को पछाड़ते हैं। और बांए तरफ़ उदावत, मेड़तिया, और जोधा शाखाओं के टीकाई सरदार विराजमान हैं जो युद्धक्षेत्र में वीरों की ढाल माफिक हैं।

इन मुख्य शाखाओं के टीकाई सरदारों के जो ठिकानें (जागीरें) हैं उनमें आऊवा और आसोप तो माणिक से भी मंहगे यानी महत्वशाली हैं। और रत्नों की माला रूप हैं। रींया, रायपुर और खेरवा ठिकानें राज्य की तलवार रूप चमकते हैं। क्योंकि इन उमरावों से राज्य को युद्ध व शांति-काल में सलाह और सेवा द्वारा अमूल्य सहायता मिला करती है। इसके बाद राठोड़ वीर जयमल का उल्लेख है कि जिसने सम्राट अकबर के मुकाबले में चितोड़गढ़ की प्राणपण से रक्षा की और वीर गति को प्राप्त होकर जगद् प्रसिद्ध हुआ। एवं नागोर पति राव अमरसिंह राठोड़ ने बादशाही बख्शी से शाही दरबार में गंवार

कहा जाने पर तत्काल उसे भरे दरबार में कटार से मार कर अपने कुल की लज्जा और मान मर्यादा रखी। फिर उन देश भक्तों का जिकर किया गया है जिन्होंने आपतिकाल में जोधपुर राजवंश की अनमोल सेवायें की हैं। "वीर मुकनदास खीची, पुरोहित जयदेव और वीरांगना गैाराधाय के आदर्श कार्य्यों की कीर्ति सदा बनी रहेगी और ऐसे ही वीर दुर्गादास राठोड़ को भी धन्य है जिन लोगों ने बालक महाराजा अजीतसिंहजी[1] को सम्राट औरंगज़ेब के हाथों में पड़ने से बचाया और उसकी रक्षा कर औरंगज़ेब के हलक में निगला हुआ मारवाड़ का राज्य वापिस छीना।

दीनरक्षक राठोड़ों की सेना बड़ी बांकी है। जिस युद्ध में जाती है वहीं ही विजय लक्ष्मी प्राप्त कर लेती है। राठोड़ों के पगड़ी (साफ़े) बांधने की रीति निराली अनोखी व बांकी होती है। पगड़ी के पेचों से ही उनका बांकापन झलकता है। इससे ऐसे साफे तो राठोड़ों को और पचरंगा लहरिया पाघ

१—प्राकृत युग में जिसको इतिहास में बौद्ध तथा जैन काल कहते हैं "आर्य्य" (श्रेष्ठ) शब्द का अपभ्रंश संस्कृत के अन्य शब्दों के समान "आरज" और "अज्ज" हुआ। यही अज्ज शब्द फारसी युग (मुसलमानी काल) में बिगड़ कर "जी" शब्द में बदल गया जो कि आज कल स्त्री पुरुषों के नाम के अन्त में आदर सूचक लगाया जाता है। जैसे धाभी देवीजी, किशोरसिंहजी।

(पगड़ी) ढूंढाड़ (जयपुर राज्य) के कछवाहों को शोभा देती है।

हाथों में सोने के कड़े और पगड़ी या साफे पर किलंगी (कलगी) राठोड़ों को तथा मोर की पख कछवाहों के सपूतों को फबती है। ऐसे राठोड़ा के जिनके पास लाख लाख तो तोप गाड़ियें और बेशुमार भयंकर ऊंट और घुड़सवार सेना है उनके विजय नगारे सदा बजते रहें।

——:o:——

मारवणी

[हे सोना नै सरीसी धण पीलरी ओ राज]

पति नौकरी पर जा रहा है। पत्नि उसे रात को घर पर ठहर कर दूसरे रोज जाने का आग्रह कर रही है और अपनी तुलना अन्य वस्तुओं से करती हुई पति को अपने प्रेम की ओर आकर्षित करती है। वो कहती है कि मैं सोने जैसी बहुमूल्य व सुन्दर हूं। इससे ऐसी वस्तु से निर्मोही क्यों हो रहे हो। मैं चांदी जैसी गौरवर्ण हूं फिर भी मेरे से आप क्यों रूठते हो। मैं मोतियों जैसी निर्मल रत्न हूँ जो आपके कानों की शोभा बढ़ा सकती हूँ अर्थात् आपके साथ हर समय रहने योग्य हूँ। हीरे जैसी चमकती हुई आपके कंठे का हार बनने योग्य हूँ। पान जैसी आपके होंठ पर ललाई लाने वाली हूँ और लौंग जैसी चरपरी यानी चटपटी बातों से आपका मनोरंजन करने वाली हूँ। इसलिये हे प्राणनाथ! कम से कम आज विदेश न जाकर कल जाइये :—

हे सोना नै सरीसी[1] धण पीलरी[2] ओ राज।
राज ढोलां राखोनी थांरे हिंवड़े रे माय ॥ १ ॥
परवाते सिधावजो आलिजा ओ आज रेवोनी रात।
रूपानै सरीसी ओ थांरी धण ऊजली ओ राज
राज ढोला राखानो थांरी मुठड़ी रे मांय ॥२॥ परवाते०
मोतियां ने सरीसी थांरी धण निर्मल ओ राज
राज ढोला राखोनी थांरे कानां रे माय ॥ ३ ॥
हीरा नै सरीसी थारी धण चिलकणी[3] ओ राज,
राज ढोला राखोनी थांरे कंठा रे माय ॥४॥ परवाते०
पांनां रे सरीसी थांरी धण राचणी[4] ओ राज
राज ढोला राखोनी थांरे मुखड़े रे माय ॥ ५ ॥
लूगां ने सरीसी थारी धण चरचरी[5] ओ राज
राज ढोला राखोनी थारें मुखड़ा रे मांय ॥६॥ परवाते०

१—जैसी। २—पीली।
३—चमकीली। ४—रंग देने वाली। ५—चरपरा।

जलो

[जलो म्हारी जोड़ रो उदियापुर माले रे]

इस गीत को मारवाड़ी बोली में "जलो" कहते हैं। इसमें पतिव्रता का सुन्दर चित्र खींचा गया है। नायिका का पति उदयपुर मेवाड़ में फौजी नौकरी पर गया हुआ है। स्त्री ने कई बार उसको मना किया कि इतनी दूर की नौकरी ठीक नहीं। वह कई संकल्प विकल्प सोचती है। यहां स्त्री को कुछ भी उसके बिना अच्छा नहीं लगता। पतिदेव की अनुपस्थिति में तेलिन तेल लाती है, शृङ्गार के लिये मालिन (फूलवाली) फूल लाती है और तमोलिन पान लाती है। इत्यादि। परन्तु ये सब वस्तुएं उसके मन को आकर्षित नहीं कर सकतीं। पति के बिना संसार उसे सूना दिखाई देता है। क्योंकि उसका जोड़ीदार दूर प्रदेश में है। उदासीन, वियोग व्यथित और पति दर्शन को आतुर नायिका इस प्रकार कहती है:—

जलो[1] म्हारी जोड़ रो उदियापुर माले रे।
वीरो[2] भोली नणद रो म्हारो हुक्म उठावे रे ॥टेक॥
म्हैं थने जलोजी बरजियो तूं उदियापुर मत जाय।

१—मारवाड़ी में पति के लिये प्यार सूचक छैला, ढोला, मारू, भँवर, हंजा मारू, लसकरिया, नणद रा वीर, पिया, जलो, साहियजी आदि कई शब्द हैं।

२—वीरो=भाई।

उदियापुर री काँमणी छैला राखेला विलमाय।
जलो म्हारी जोड़ रो फौजाँ रो माँझी रे।
वीरो म्हारी नणद रो म्हारो कह्यो न माने रे ॥१॥
सांझ समै दिन आँथवे रे, छैला तेलण लावे तेल।
कहिं ऐ करूँ थारे तेल ने, हे तेलण कहिं ए करूँ।
म्हारे आलीजे विना किसो खेल ॥
छैलो म्हारी जोड़ रो उदियापुर माले रे ॥ २ ॥
साँझ पड़े दिन आँथवे रे, जला! खातण लावे खाट।
कहिं हे करूँ हे थारी खाट ने, म्हारे मारुड़े विना
किसो ठाट।
छैलो म्हारी जोड़ रो म्हारें घर नहीं आयो रे ॥ ३ ॥
साँझ पड़े दिन आँथवे रे छैला मालण लावे फूल।
कहिं हे करूँ हे मालण! थारे फूल ने हे!
म्हाने आलीजे विना लागे शूल।
जलो म्हारी जोड़ रो उदियापुर माले रे ॥ ४ ॥
साँझ पड़े दिन आँथवे रे जला! तम्बोलण! लावे पान।
कहिं हे करूँ थारा पान ने हे, म्हारे आलीजे विना
किसी आन।

जलो

[जलो म्हारी जोड़ रो उदियापुर माले रे]

इस गीत को मारवाड़ी बोली में "जलो" कहते हैं। इसमें पतिव्रता का सुन्दर चित्र खींचा गया है। नायिका का पति उदयपुर मेवाड़ में फौजी नौकरी पर गया हुआ है। स्त्री ने कई बार उसको मना किया कि इतनी दूर की नौकरी ठीक नहीं। वह कई संकल्प विकल्प सोचती है। यहां स्त्री को कुछ भी उसके बिना अच्छा नहीं लगता। पतिदेव की अनुपस्थिति में तेलिन तेल लाती है, शृङ्गार के लिये मालिन (फूलवाली) फूल लाती है और तमोलिन पान लाती है। इत्यादि। परन्तु ये सब वस्तुएं उसके मन को आकर्षित नहीं कर सकतीं। पति के बिना संसार उसे सूना दिखाई देता है। क्योंकि उसका जोड़ीदार दूर प्रदेश में है। उदासीन, वियोग व्यथित और पति दर्शन को आतुर नायिका इस प्रकार कहती है।—

जलो[1] म्हारी जोड़ रो उदियापुर माले रे।
वीरो[2] भोली नणद रों म्हारो हुक्म उठावे रे ॥टेक॥
म्हैं थने जलोजी वरजियो तूं उदियापुर मत जाय।

१—मारवाड़ी में पति के लिये प्यार सूचक छैला, ढोला, मारू, भँवर, हंजा मारू, लसकरिया, नणद रा वीर, पिया, साहिबजी आदि कई शब्द हैं।

२—वीरो=भाई।

उदियापुर री कॉंमणी छैला राखेला विलमाय।
जलो म्हारी जोड़ रो फौजाँ रो माँझी रे ।
वीरो म्हारी नणद रो म्हारो कह्यो न माने रे ॥१॥
सांझ समै दिन ऑंथवे रे, छैला तेलण लावे तेल।
कहिं ऐ करूँ थारे तेल ने, हे तेलण कहिं ए करूँ।
म्हारे आलीजे बिना किसो खेल ॥
छैलो म्हारी जोड़ रो उदियापुर माले रे ॥ २ ॥
साँझ पड़े दिन आँथवे रे, जला ! खातण लावे खाट।
कहिं हे करूँ हे थारी खाट ने, म्हारे मारुड़े बिना किसो ठाट।
छैलो म्हारी जोड़ रो म्हारें घर नहीं आयो रे ॥ ३ ॥
साँझ पड़े दिन आँथवे रे छैला मालण लावे फूल।
कहिं हे करूँ हे मालण ! थारे फूल ने हे !
म्हाने आलीजे बिना लागे शूल ।
जलो म्हारी जोड़ रो उदियापुर माले रे ॥ ४ ॥
साँझ पड़े दिन आँथवे रे जला ! तम्बोलण ! लावे पान।
कहिं हे करूँ थारा पान ने हे, म्हारे आलीजे बिना किसो आन।

जलो म्हारी जोड़ रो उदियापुर माले रे ॥ ५ ॥
मस्त महीनो आवियो रे, जला! अब तो खबर म्हारी लेह
तों बिन घड़ियन आवड़े रे, छैला! जीव उठे इत देह।
जलो म्हारी जोड़रो सेजाँ रो सवादी रे ॥ ६ ॥

निहालदे

[सावण तो लागो पिया, भादवो जी कांहिं बरसण लागो मेह] *

यह गीत वर्षा ऋतु में मेघ-मलार के स्वरों में गाया जाता है। वियोगिनी नायिका अपने प्रदेश गतपति को बुलाती है। उसका पति दूर दक्षिण में नर्बदा के किनारे युद्ध में गया हुआ है। वह अपने पति के प्रति सम्बोधन करके अपनी दशा का वर्णन करती है कि तुम तो दूर देश नौकरी पर चले गये, इधर सुन्दर सावन का समय आया है। मुझे आप के दर्शनों की उत्कट इच्छा है। घर की माली (धन सम्बन्धी) अवस्था वर्षा ऋतु में बिगड़ सी गई। छपर टूट गया। थोदे बांस तिड़कने लगा। जब जब बिजली चमकती है मैं अकेली महल में

---

* कहते हैं कि यह गीत पंवार राजपूत निहालदेवी सोढी की स्त्री का रचा हुआ है।

डरती हूं। आपकी प्रतिज्ञा में खड़ी हुई गोखड़े (गवाक्ष = झरोखा) में खड़ी भींग रही हूं। आप प्रायः दूर फ़ौजों में भींग रहे होंगे। महल (कमरा) अंधेरा है, रात अंधेरी है और फिर उमड़ गुमड़ कर बादल बरस रहे हैं। मुझे ये न मालूम था कि इतनी विरह व्यथा मेरे कर्म में लिखी है। चिट्ठी के तो मैं पढ़ सकती हूँ परन्तु कर्म का लिखा नहीं पढ़ सकती। जब मैं १४ चौदह वर्ष की थी तब अपना विवाह हुआ था परन्तु अब तो मैं पूर्ण युवती हो गई हूँ। अंग में कांचली समाती नहीं है। हार भी गले में छोटा पड़ता है। हे प्राणाधार! अब तो घर आवो। मुझे आप के दर्शनों की उत्कट इच्छा है। चाहती हूँ कि हे प्रिय! कहीं नज़दीक ऐसी नौकरी करें कि दिन भर काम करके शाम को घर चले आवें। इसलिये हे मृगनयनी के ढोला! अब जल्द घर आ जावो, क्योंकि ऐसा सुहावना समय बार बार नहीं आता। आपकी नौकरी की कितनी कीमत है। अस्सी टका न? बस, उधर आपकी भोली स्त्री लाख मोहर की है। पता नहीं, उस तुच्छ नौकरी में क्या रखा है। और मेरे में ऐसा क्या दोष है कि उसके प्यार में मुझे भी भूल गये। जो इतनी बहुमूल्य है।

इस प्रकार पति को नाना प्रकार से प्रलोभन देती हुई अन्त में स्त्री तंग आकर अपने को न सँभाल सकने के कारण वह बुराशीशी देती है कि उस नरवरगढ़ (ग्वालियर राज्य में) के राजा को—जिसकी नौकरी में उसका पति दूर देश में गया -

हुआ है—उस राव को काला नाग डस ले और उसके गढ़ पर बिजली टूट पड़े। इत्यादि—

लीजिये! शुद्ध मारवाड़ी शब्दों का रसस्वादन कीजिये :—

सावण तो लागो पिया, भादवो जी काँहि बरसण लागो
बरसण लागो जी मेह, हो जी ढोला मेह।
अब घर आय जा गोरी रा रे, बालमा हो जी ॥टेक॥
छप्पर पुराँणा पिया पड़ गया रे, कोई तिड़कण लागा।
तिड़कण लागा बोदा बाँस, हो जी ढोला बांस।
अब घर आ जा बरसा रूत भली हो जी ॥ १ ॥
बादल में चमके पिया, बीजली रे कोई मेलाँ में डरपै।
मेलाँ में डरपै घर री नार, हो जी छोटी नार।
अब घर आय जा, फूल गुलाब रा हो जी ॥ २ ॥
गोरी तो भीजे ढोला गोखड़े जी।
आली जो भीजे जी फौजाँ माँय।
अब घर आय जा आसा थारी लग रही हो जी ॥३॥
एक तो अँधियारी ढोला ओरड़ी रे पिया।
दूजी हो अंधियारी रात।
अब घर आय जा बरसालू बदला ओ जी ॥ ४ ॥
कूवो तो व्है तो पिया डाक लूँ जी ढोला।
समदर डाकियो, समदर डाक्यो न जाय,
हां जी ढोला न जाय।

अब घर आय जा फूल गुलाब रा हो जी ॥ ५ ॥
चौदह वर्ष* री पिया परणिया जी, हो गई जोध,
हांजी ढोला हो गई जोध जवान।
अब घर आवो गोरी रा बालमा ओ जी ॥ ६ ॥
अंग में नहीं मावे ढोला कांचली हो जी।
हिवड़े नहीं हो ढोला हिवड़े नहीं मावे हार।
अब घर पधारो नी हो म्हारा प्राणधार ओ जी ॥७॥
कागद तो व्है तो ढोला बाँच लूँ जी।
करम न बाँच्यो, करम न बाँच्यो जाय।
अब घर आय जा आसा थारी लग रही ओ जी ॥८॥
टाबर तो व्है तो पीया राख लूँ जी ढोला।
जोबन राख्यो, जोबन राख्यो न जाय।
अब सुध लीजो गोरी रा सायबा हो जी ॥ ९ ॥
नेड़ी-नेड़ी करो पिया चाकरी जी छैला।
साँझ पड्याँ घर, साँझ पड्याँ घर आव, हो जी
ढोला आव।
अब घर आय जा बरसा रुत भली हो जी ॥ १० ॥

---

* कन्या विवाह योग्य कब होती है जरा विचारिये।

थाने तो प्यारी पिया (परदेशां री) नौकरी जी ढोला,
म्हाने तो प्यारा लागो।
म्हाने तो लागो प्यारा आप, हो जी ढोला आप।
अब घर आय मृगानेणी रा वालमा हो जी ॥११॥
असी रे टकां री ढोला चाकरी[1] रे, कोई लाख मोहर
री नार।
लाख मोहर री भोली नार, हो जी ढोला।
अब घर आय जा गोरी रा रे वालमा हो जी ॥१२॥
दोरी तौ दिखण री ढोला चाकरी रे।
दोरो है नरबदा रो, दोरो है नरबदा रो घाट।
अब घर आय जा गोरी रा सायबा हो जी ॥१३॥
घोड़ा तो भीजे पिया नवलखा रे, कोई भीजे रे
बनाती।
भीजे रे बनाती रे साज, हो जी ढोला साज।
अब घर आय जा गोरी रा वालमा हो जी॥ १४ ॥

१—ध्यान रहे कि विद्वान न्यायधीशों (जजों) की राय है कि नौकर वह कहा जाता है जो अपनी राजी से नौकरी कर सके और जब चाहे उसे छोड़ सके। पर चाकर ऐसा नहीं कर सकता। परन्तु यहां काव्य की सुन्दरता के लिये ही कवि ने नौकरी शब्द के स्थान में चाकरी शब्द का व्यवहार किया है।

अंग में नहीं मावे काँचली जी, ढोला हिवड़े नहीं मावे।
हिवड़े नहीं मावे हार, हो जी ढोला।
अब घर आय जा गोरी रा बालमा हो जी ॥ १५ ॥

आवण जावण कह गयो रे ढोला, कह गयो कवल अनेक।
कर गयो रे कवल पिया! अनेक।
अब घर आय जा बरसा रुत भली हो जी ॥१६॥
दिनड़ा तो गिण-गिण ढोला, घिस गई मारी आंगलियाँ।
काहीं आँगलियाँ री रेख, हो जी ढोला।
अब घर आवो गोरी रा बालमा हो जी ॥ १७ ॥
तारा तो छाई रातड़ी जी ढोला! फूलड़ा छाई।
फूलड़ा छाई सेज, हो जी ढोला सेज।
अब घर श्रावो लाडी रा बालमा ओ जी ॥ १८ ॥
बिरछां विलूँधी बेलड़ी पिया।
नरा विलूँघी नार जी ढोला नार।
अब घर आय जा गोरी रा बालमा ओ जी ॥ १९ ॥
हूँ तो मरूँ छूँ पिया इकली जी, मरूं कटारी खाय।
हूँ हो मरूं कटारी खाय।

अब घर आय जा थालमा हो जी ॥ २० ॥
नरवरगढ़ पर पड़ जो ढोला बीजली रे।
रावजी ने खाईजो, रावजी ने खाइजो कालो नाग।
अब घर आय जा, धण रा थालमा हो जी ॥ २१ ॥

पीपली

[थाय थाल्या छा भंवर जी ! पीपली जी]

एक स्त्री का पति प्रदेश जा रहा है। इससे स्त्री उसे कहती है कि आपने जिस छोटे से पीपल के पेड को आगन में बोया था वह अब विशाल वृक्ष हो गया है। वर्षों बित गये अब वह छायादार हुआ और उसके नीचे बैठने के दिन आये तो आप परदेश जा रहे हैं। हे प्रिय ! पूर्व की नौकरी पर मत जाओ। साथ ही पति से कुछ प्रश्न करती है कि ऐसा कौन (निर्दयी) था जिसने आपका घोड़ा कस दिया और किसने उस पर जीन रख दी। किसने ऐसे समय में आप को नौकरी पर जाने की इज़ाजत दी। ऐ ! मेरे "हिवड़े के जिवड़े" पूर्व की नौकरी में मत जाओ। वह उत्तर देता है कि मैरे बड़े भाई ने तो घोडा तयार कर दिया और साथियों ने उस पर जीन कस दी और मैं अपने बाबोसा (पिता) की आज्ञा से नौकरी पर

जाता हूं। स्त्री जब अपने पति को बाहर जाने में नहीं रोक सकती है तब वह कहती है कि "हे मेरे सेज के शृंगार! मुझे भी साथ ले चलो। इत्यादि। परन्तु पति अकेला ही चला जाता है।

पश्चात् पति पत्नि में रोचक पत्र व्यवहार होता है। और स्त्री लिखती है कि म्हारा कमाऊँ उमराव! आप फ़सल की ऋतु में क्या प्रदेश घूम रहे हो? सु अवसर मत खोवो। जल्दी घर आवो मैं आपकी बाट जोहती हूं।

गीत इस तरह है:—

बाय चाल्या छा भँवरजी! पीपलीजी,
हां जी ढोला! हो गई घेर घुमेर।
बैठां की रुत चाल्या चाकरी जी,
ओ जी म्हांरी सास सपूती रा पूत।
मत ना सिधारो पूरव री चाकरी जी ॥ १ ॥
परण चाल्या छा भँवरजी! गोरड़ी जी,
हां जी ढोला! हो गई जोध जुवान।
बिलसण की रुत चाल्या चाकरी जी,
ओ जी म्हारा लाल नणद रा ओ वीर।
मत ना सिधारो पूरव री चाकरी जी ॥ २ ॥

कूंण थारा घुड़ला भँवरजी ! कस दिया जी,
हां जी ढोला ! कुंण थाने कस दिया जीए ।
कुरण्या जी रा हुक्मा चाल्या चाकरी जी,
ओ जी म्हारे हीवड़े रा जीवड़ा ।
मत न सिधारो पूरब री चाकरी जी ॥ ३ ॥
म्हड़े थीरे घुड़ला गोरी ! कस दिया जी,
हां ए गोरी ! साथीड़ा कस दिया जीए ।
बाभोसा रा हुक्मा चाल्या चाकरी जी ॥ ४ ॥
रोक रुपैयो भँवरजी मैं बणूँ जी,
हां जी ढोला ! बण ज्याऊँ पीली पीली म्होर ।
भीड़ पड़े जद भँवरजी ! बरत ल्यो जी,
ओ जी म्हारी सेजां रा सिणगार !
पीया जी ! प्यारी ने साथे ले चलो जी ॥ ५ ॥
कदे न ल्याया भँवरजी ! सीरणी[1] जी,
हां जी ढोला ! कदे न करी मनुवार ।
कदेय न पुछी मनड़े री बारता जी,
ओ जी म्हारी लाल नणद रा ओ वीर !
थां बिन गोरी ने पलक न आवड़े जी ॥ ६ ॥

---

[1]—मीठाई ।

कदे न ल्याया भँवर जी ! सूतली जी,
हां जी ढोला ! कदे वी बुणी नहीं खाट।
कदेय न सूत्या रल मिल सेज में जी,
ओ जी पियाजी ! अब घर आओ,
थारी प्यारी उड़ीके[1] महल में जी ॥ ७ ॥
थारे भाभोसा[2] ने चाये भँवर जी ! धन घणो जी,
हां जी ढोला ! कपड़े री लोभण थारी माय।
सेजां री लोभण उड़ीके गोरड़ी जी
थारी गोरी उड़ावे काग।
अब घर आओ जी धाई थारी नोकरी जी ॥ ८ ॥
अब के तो ल्यावां गोरी ! सीरणी ये
हां ये गोरी ! अब करस्यां मनुवार।
घर आय पूछां मनड़े री बारता जी ॥ ९ ॥
अब के ल्वांवां गोरी सूतली जी,
हां ए गोरी ! आय बुणांगा खाट।
पीछे सोस्यां रल मिल थारी सेज में जी ॥ १० ॥

१—बाट जोहना। २—पिता।

चरखो[1] तो ले ल्यूं भँवरजी ! राँगलो जी,
हाँ जी ढोला ! पीढ़ो लाल गुलाल।
तकवो तो ले ल्यूँ जी भँवर जी ! वीजलसार[2] को जी,
ओ जी म्हारी जोड़ी रा भरतार !
पूणी मँगाल्यूं जी क बीकानेर की जी ॥११॥
म्होर म्होर री कातूं भँवरजी ! कूकड़ी जी,
हां जी ढोला ! रोक रुपैये रो तार।
मैं कातूं थे बैठा विणज ल्यो जी
ओ जी म्हारी लाल नणद रा ओ वीर !
जल्दी घर आओ प्यारी ने पलक न आवड़े जी ॥१२॥
गोरी री कुमाई खासी रांडिया रे,
हां ये गोरी ! के गांधी के मणियार।
म्हें छा बेटा साहूकार रा जी,
ए जी म्हारी घणी ये पियारी नार !
गोरी री कुमाई से पूरा ना पड़े जी ॥१३॥

१—मारवाडियों में चरखा और शुद्ध स्वदेशी कपड़ा (खद्दर) की प्राचीनता इस गीत से जान कर संसार पूज्य महात्मा गांधी जी अवश्य प्रसन्न होंगे।

२—एक प्रकार का फोलाद सा बढ़िया लोहा।

सांवण खेती भँवरजी ! थे करी जे,
हां जी ढोला ! भादुड़े करयो जी नीनाण।
सीटां री रुत छाया भँवरजी ! परदेस में जी,
ओ जी म्हारां घणां कमाऊ उमराव !
थारी पियारी ने पलक न आवड़े जी ॥ १४ ॥
उजड़ खेड़ा भँवरजी ! फर बसे जी,
हां जी ढोला ! निरधन रे धन होय।
जोबन गये पीछे कना बावड़े जी,
ओ जी थाने लिखूं बारम्बार,
जल्दी घर आओ जी क थारी धण एकली जी ॥१५॥
जोवन सदा न भँवरजी ! थिर रहे जी,
हां जी ढोला ! फिरती घिरती छांय।
पुल का तो बाया जी क मोती नीपजै जी,
ओ जी थारी प्यारी जी जोवे बाट,
जल्दी पधारो देश में जी ॥१६॥

स्वयंवर

[गोखा बैठी बनड़ी पान चावे]

मारवाड़ी कन्या किस प्रकार का पति चुनना चाहती है उसके गुण इस गीत में दिये गये हैं। विशेष बात यह है कि यह अपने पिता को पतिदेव में क्या गुण होना चाहिये यह बताया है और पति काशी का धुरंधर पंडित होना चाहिये। रंग रूप की कुछ परवाह नहीं, ऐसा कहा है। पाठक देखिये मारवाड़ी कन्या को प्राचीन समय में कितना अधिकार था। आज कल जैसे गाय बैल की तरह उन्हें कुर्बान किया जाता है वैसा नहीं किया जाता था। वह गीत इस प्रकार है :—

गोखा बैठी बनड़ी पान चावे फूल सूँघे।
करे ये बाबा जी सूं वीनती॥
बाबाजी देस देता परदेश दीजो।
म्हारी जोड़ी रो वर हेर जो॥
हंस खेल ए! बाबाजी री प्यारी बनड़ी।
हेरयो ए फूल गुलाब रो॥
कालो मत हेरो बाबाजी कुल ने लजावे।
गोरो मत हेरो बाबाजी अंग पसीजे॥
लांबो मत हेरो बाबा सांगर चूँटे।
ओछो मत हेरो, भाबाजी बावन्यू बतावे॥

ऐसो बर हेरो कासी को बासी ।
बाई रे मन भासी हस्तीं चढ़ आसी ॥

रण उत्सुकता

[इक थंभियो ढोला ! महल चुनाव]

कई बहानो से स्त्री अपने पतिदेव को कुछ समय के लिये घर रहने के लिये आग्रह करती है परन्तु पति अपने कर्तव्य से विमुख नहीं होता और दूसरों को एवजी में न भेज कर स्वयं नौकरी चल पड़ता। इसका वर्णन इस गीत में दिया है:-

इक थंवियो ढोला ! महल चुनाव,
चारो दिशा में राखो गोकड़ा जी म्हारा राज।
गोके गोके दिवला संजोव राजिदां ढोला,
दीया रे चानणिये ढालू ढोलियो।
बादल बरणी सेज बीछाव,
हातां ने ढोलावुं मैं तो बीजणो[1]।
सूतां हंजा मारू सुख भर नींद, सुख भर नींद,
इतने ने राइको[2] हेलो मारियो जी म्हारा राज॥

१—पंखा ; २— ऊँट को चराने वाले।

उठो सुन्दर गोरी, दिवलो संजोव,
दीया रे चांनणिये कागद वांचियाजी म्हारा राज।
लिखियो ओ सुन्दर गोरी, घोड़ा ने सिर पाव,
लिखी है जोधाणे[1] गढ री चाकरी जी म्हारी नार॥
मरजो रे राईका थारोड़ी जी नार॥
सेणां रो विछवो दुश्मी पाड़ीयो जी म्हारा राज।
मत दो सुन्दर गोरी राईका ने गाल,
राईको राजांजी रे मेल्यो आवियो जी म्हारी नार॥
पेली ओणग[2] हंजा मारू सुसराजी ने मेल,
हमके ने उनालो खांतिला[3] घरे वसोजी म्हारा राज।
सुसराजी री सुन्दर गोरी जावे रे बलाय,
म्हारे ने सरीखा बेटा घोड़े चढ़े जी म्हारी नार॥
दूजी ओलंग हंजा मारू जेठ जी ने मेल,
हमको जी चोमासो आली जा घरे वसोजी।
जेठजी री कलागारी नार नित उठे ने जगड़ो नेत सी·
तीजो ओलंग हंजा मारू! देवरजी ने मेल॥
हमके तो सीयाले मद छक्या घरे वसो जी म्हारा राज,

१—जोधपुर। २—बदली। ३—खातर तवज्जोह करने वाला।

देवरजी री वाली भोली नार, उवी ने किरलावे।
कायर मोर ज्यूं जी म्हारी नार,
इतरां में ओ हंजा मारू! थेईं रे सपूत॥
नितरा ने पधारो जोधाणे री चाकरी म्हारा राज,
ईतरा में सुन्दर गोरी मैं ही रे सपूत।
नितरा तो उठे ने जावां जोधाणे चाकरी जी म्हारी नार,
उठो! बाईसा डागलिये चढ़ जोय॥
कुणजी रे सीधाया कुणजी घरे वसे जी म्हारा राज,
चढिया भावज म्हारोड़ो वड़ वीर, थाने सुगणी रो सायबो।
झेली सुन्दर गोरी घोड़े री लगाम,
आसूं तो रलकाया कायर मोर ज्यूं जी म्हारा राज॥
लीनी हंजा मारू हीवड़े लगाय,
आसुंड़ा तो पुंछिया हरिये रूमाल सूँ जी म्हाराराज।
देवो नी सुन्दर गोरी हंस हंस सीख,
साहना सीधाया छेटी में पड़ाजी म्हारी नार॥
सीकड़ली[1] हंजा मारू दीवी रे नहीं जाय,

१—विदाई की आज्ञा।

छाती ने भरीजे हीयड़ो उथके जी म्हारा राज।
इक थंवियो ढोला महल चुनाव॥

---

(२)

कसूम्बो

आई रे आई मारू सावणीये री तीज राय सईयां ने
कसूम्बो रे मारा गाढा मारू ओढीयो॥ १॥
म्हाने रे मारू कसूम्बे रो भाभो[1] चास[2]
राय थे सिधावो रे ईडर गढ री चाकरी॥ २॥
चाकरड़ी रे मारू थांरे भाभेजी ने मेल राय हमके रे
चौमासे रे मारा गाढा मारू घर वसो॥ ३॥
भाभेजी री गवरा दे जावे रे वलाय, राय म्हारे रे
सरीखा रे मारे भाभेजी रे दीकरा[3]॥ ४॥
चाकरणी रे मारू थांरे वड़ोड़े वीरेजी ने मेल
राय भरीये ने भाद्रवे रे मारा दमड़ो रा लोभी
घरे वसो॥ ५॥

१—अधिक। २—चाहना। ३—बेटा।

मड़ोड़े वीरेजी री गवरादे लड़ैाकड़ी नार,
राय सांझतड़ी रीसवेली मारे भाभेजी सुं मोरचो
मांड से ॥ ६ ॥
चाकरड़ी रे मारू थारे छोटोड़े वीरे जी ने मेल,
राय आयो रे
चोमासो रे भांजा गाढा मारू घरे बसो ॥ ७ ॥
छोटोड़े वीरे री गवरादे नांनकड़ी सी नार।
राय ऊभोड़ी कमलाईजे कँवल फूल ज्यों ॥ ८ ॥
चाकरड़ी ने मारू थांरे बेनोई जी नें भल मेल।
राय आयो रे बरसाले रे मारे नणदी रा वीरा
घरे बसो ॥ ६ ॥
बेनोईजी री गवरादे जावे रे बलाय,
राय बे नड़ली सुणीजे रे इये सावणीये री तीजणी ॥१०॥
चाकरणी रे मारू थांरे हालीड़े[1] ने भल मेल,
राय अब के रे बरसाले रे मारा गाढा मारू घरे
बसो ॥ ११ ॥
हालीड़े री गवारा दे जावे रे बलाय,
राय हालीड़े रा बोया मौंजे मोती नीपजे ॥ १२ ॥

१—हरवाह।

वधावा (मंगलाचरण)

ये गीत स्त्रियें हरेक मंगल उत्सव के अंत में गाती हैं। इसमें स्त्री अपने परिवार के प्रत्येक कुटम्बी की तुलना अपने शृङ्गार की भिन्न भिन्न वस्तुओं से करके उनका कितना सुन्दर परिचय दिया है:—

पसवाड़े ए कस री गज येल।
सहेलियां ए आंबो मोरिओ[1] ॥
म्हारा सुसरोजी गढां रा राजवी,
सासूजी ए! मारा रतन भंडार।
म्हारा जेठ बाजूबंद बाँकड़ा,
जेठाणी ए मारी बाजूबन्द री लूंब ॥सहेलियाँ० ॥१॥
म्हारा देवर दांत रो चूड़लो,
देराणी चुड़ला री मजीठ।
म्हारी ननद कसुमल कांचली,
ननदोई कसणे[2] री लूंब ॥ सहेलिया० ॥ २ ॥
म्हारो पूतज घर रो चाँदणों,
कुल वधु ए दिवले री जोत।

१—फूल आना। २—पीठ की तरह कांचली को बाँधने के डोरे।

म्हारी धीवज[1] हाथ री मूंदड़ी,
जवाँई ए मूंदड़ी रो काच ॥ सहेलियां० ॥ ३ ॥
म्हारा सायब मारा तिलक लिलाड़,
सायबाणी म्हें तो सेजाँ री सिणगार।
म्हें तो वारी ओ सासूजी थारी कूख ने,
जिण जाया ओ अर्जुन भीम।
म्हें तो वारी ओ धाई जी थारी गोद ने,
जिण खिलाया लिछमण राम।
म्हें तो वारी ए बहुज थारी जीभ ने,
जियां बखाणियो इसो परिवार,

परिवार-प्रेम

[नीबू]

मारवाड़ी स्त्री अपने पारिवारिक जनों से इतना प्रेम दर्शाती है, अपने नणंद व देवर और पति को कितना सम्मान करती है। यह गीत से देखियेः—

उदयापुर सूं बीज मंगाय, ओ घण वारी रे हंजा।
जोधाणे री बाड़या में नीबूं नीपजे ओ राज ॥ १ ॥

१—लड़की।

माग्वणिया री पाल बंधाय ओ घण वारी रे हंजा।
दूधा ने सीचाओ ढोलाजी रो नीबूड़ो ओ राज ॥२॥
नीबूड़े री जड़ गई पताल, ओ थां पर वारी रे सैयां।
सोयां ने फोसा पर नीबू फैलियाँ ओ राज ॥ ३ ॥
नीबूड़े री गहरी गहरी छांय, ओ घण वारी रे हंजा।
को ईनें मत तोड़ो भँवरजी रो नीबूड़ो ओ राज ॥४॥
नणदल बाइ तोड़िया नीबूड़े रा पान, ओ थां पर वारी रे सैयां।
देवरजी छंदगाला[1] तोड़े कामड़ी[2] ओ राज ॥ ५ ॥
नणदल बाईसा ने सासरिये[3] पहुँचाय, ओ थां पर वारी रे सैयां।
देवरजी छंदगाला ने गढ री चाकरी ओ राज ॥ ६ ॥
नणदल बाई सासरिये नहीं जाय, ओ घण वारी रे हंजा।
देवरजी छंदगाला नहीं जावे चाकरी ओ राज ॥७॥
नणदल बाई रे बेलड़ली[4] जोताय, ओ घण वारी रे हंजा
देवरजी नखराला रे हस्ती घोड़ला ओ राज ॥ ८ ॥

१—शौकीन। २—हाथ में रखने की बेत। ३—सुसराल।
४—बेलगाड़ी।

नणदल बाई रे चूंदड़िया रंगाय, ओ थां पर वारी रे।
सैयां।
देवरजी नखराला रे पिचरंग मोलियो[1] ओ राज ॥९॥
नणदल बाई रे चूड़लियो चिराय, ओ था पर वारी रे
हंजा।
देवरजी नखराला रे चिटियो दांत री ओ राज ॥१०॥
नणदल बाई रे गहणोइ घड़ाय ओ थां पर वारी रे
सैयां।
देवरजी नखराला रे डोरो माठिया ओ राज ॥ ११ ॥
नणदल बाई सासरिये भल जाय, थां पर वारी रे हंजा।
देवरजी नखराला जावे चाकरी ओ राज ॥ १२ ॥
नणदल बाई रे लापसड़ी रंदाय हे ओ धण वारी रे हंजा।
देवरजी छंद गाले रे घेवर छादमा हो राज।
नीबूड़े री छइया हीडों वाले हे ओ धण वारी रे हंजा।
छेलो ने मारवण दोइ हींडें हींडसी ओ राज ॥१३॥
नीबूड़े री छया जाजम ढाले हे ओ धण वारी रे हंजा।
ढोलो ने मारवण दोउ चौपड़ खेलसी हो राज ॥१४॥

१—सुंदर रंग रंगीला साफ़ा।

नींबूड़े री छयां पेड़ा लाव हे ओ धण वारी रे हंजा
छैलो ने महाराणी दोउ जीमसी हो राज ॥ १५ ।
नींबूड़े री गहरी गहरी छांय ओ थां पर वारी रे सैवां ।
ढोला ने मरवण सुख भर पोढिया ओ राज ॥ १६ ॥

—:o:—

पतिव्रत—प्रकाश

[सुरता भीलणी]

इसमें किसी जागीरदार और भील स्त्री का सम्वाद है। भीलनी ग़रीब व निर्धन है परन्तु अनेक प्रलोभन देने पर भी अपने धर्म पर अटल रहती है :—

सुरता भिलणी है भिलणी रावजी बुलावे म्हेला आव।
चुड़ोने पेहराउ हस्ती दांतरो ॥
मोटा रावजी हो रावजी नही ने मेहलां रो मॉने कोड ।
झुपड़ी भली हो म्हारा भीलरी, बीलिया ने भला
हो मारा भीलरा ॥
सुरता भिलणी है भिलणी रावजी बुलावे मेहलां आव।
थाल जीमाऊ मोटा राव रो ॥
मोटा रावजी हो रावजी नही है थालस् मारे कांम
टुकड़ा भला हो मारा भीलरा ॥

सुरता भीलणी है भिलणी रावजी बुलावे ढोल्ये आव।
सेज देखाउ ए मोटा राव री ॥
मोटा रावजी हो रावजी नही रे ढोल्यां सू म्हारे काँम।
मांचो तो भलो रे म्हारा भीलरो ॥

पति-प्रेम

[सोढा राणा मने मारे पीवर (पीहर) मेलो०]

अधिक समय हो जाने से स्त्री अपने पीहर (मैके) को जाने की इच्छा करती है। परन्तु पति समझाता है कि उसका वास्तविक घर-कुटुम्ब सुसराल ही है, पीहर नहीं। और इस वहाने से अपने प्रिया को विलमाता है—

सोढा रांणा मने मारे पीवर मेलो रांजीन्दा ढोला
ओलू घणी आवे मारा बाभोसा री ॥ १ ॥
सुन्दर गौरी ओलू थांरी परी रे नीवार चंपक वरणी,
बाभोसा रा भोला सुसरोजी भांगसी ॥ २ ॥
सोढा रांणा मने म्हारे पीहर मेलो राजींदा ढोला
ओलू घणी आवे मारी मांय री ॥ ३ ॥
सुन्दर गोरी ओलू थांरी परोरे नीवार मृगानेणी
माताजी रा भोला सासुजी भांगसी ॥ ४ ॥

सोढा रांणा मने मारे पीवर मेलो राजींदा ढोला
ओलू मांने आवे मारे धीरे री ॥ ५ ॥
सुन्दर घण तूं ओलू थांरी परीरे नीवार चंपकवर्णी
वीरोजी रा भोला देवर भांगसी ॥ ६ ॥

---

(२)

पति नौकरी पर वाहर है। उस समय पति पत्नी में विरह व करुणा सूचक वार्त्तालाप कैसे अनूठे ढंग से मारवाड़ी स्त्री कवि ने वर्णन किया है। उसका गुलसेरी नामक गीत यहां दिया जाता है:—

कोरा जी कोरा कागद लिखावां ढोला कागद में रे
कसतूरी रे ज्यों ह्रीने खोलो ज्योंही सुगन्ध घणे री
साहिब
ज्यों ह्रीने तोलों ज्योंही पूरी रे हांजी रे मिरघानेणी रा
साहिब घरां ने पधारो रे ॥ १ ॥
आंमा जो सांमा महल अडावों ढोला जेरे बीच राखां
गुलसेरी रे
गुलसेरी रे हांजी रे ऊजल दंती रा साहिब केण
बिलमाया रे ॥ २ ॥

आंमा जी सांमा झरोखा घड़ावो साहिब जेरे बिच राखां
एक बारी रे श्रे बारी में क्या दीसे ढोला एक पुरुष दूजी नारी रे
हांजी रे मीठी बोली रा साहिब मेलों में पधारे रे ॥३॥
केसर कीकूं री गार घलावों साहिब जए सुं नीपावों,
गुलसेरी रे हों जी रे भायों प्यारी रा साहिब केण बिलमाया रे ॥ ४ ॥
आमा जी सांमा ढोलीया ढलावो ढोला जेरे बीच राखां
झपा झारी रे प्रीतम प्यारी रा साहिब सेजों ने पधारो रे ॥ ५ ॥
आंमा जी सांमा दीवला संजोकों साहिब जेरे बिच ऊभी रम्भा रांणी रे, हां जी रे रम्भा रांणी रा ढोला वेगा रे पधारो रे ॥ ६ ॥
गाय दुहावो, दही जमावों ढोला, हाथां री रे चतुराई रे
दही जमावों मही बिलोवों साहिब प्याले री रे
झल साई रे हां जी रे मारे ऊगते सूरज ने केण बिलमायो रे ॥ ७ ॥
मण रे तो आंगण के बड़ो रोपावो ढोला, दांतणीये री

मिस आवो रे हां जी रे मिरघा नेणी रा साहिब घरों
ने पधारो रे ॥ ८ ॥

घण रे तो आंगण हवद खुंणावों साहिब झूलण रे
मिस आवो रे
हां जी रे ऊजल दंतीरा साहिब केण बिलमाया रे ॥९॥

घण रे तो आंगण गांधीणो थोलावो, ढोला मड़दन रे
मिस आवो रे।
हां जी रे जाये रे दासी म्हारे महाराजा ने समझावो रे १०

घण रे तो आंगण चरूड़ा चड़ावो, साहिब भोजन रे
मिस आवो रे
हां जी रे अमरत बोली रा साहिब, मेलों में
पधारो रे ॥ ११ ॥

घण रे तो आंगण बीड़ला बंधावो ढोला मूं छणीये रे
मीस आवो रे
हां जी रे मांजे घेंबंते बादल ने केण बिलमायो रे ॥१२॥

घण रे तो आंगण ढोलियो ढलावो साहिब पोढण रे
मिस आवो रे
हाँ जी रे सुन्दर गोरी रा साहिब सेजों में पधारो रे ॥१३॥

भण रे तो आँगण बाग लगावों साहिब मिलणे रे
मिस आवो रे।
हाँ जी रे मिरघा नेणी रा साहिब बागों रा मेवासी
रे ॥ १४ ॥

प्रेम प्रलाप

[इण सरवरीये री पाल हंगामी ओ ढोला रे]

पति विदेश से घर आया है। उस समय वियोग काल की बातों को पति और पत्नी आपस में पूछते हैं:—

इण सरवरीये री पाल हगाँमी[1] ओ ढोला रे।
पीपलीया हो ढोला पीपलीया थोड़ा बड़ला
चौगणा हो राज ॥ १ ॥
बड़ला तो परा रे बढाय हगाँमी हो ढोला रे।
पीपलीये री छाँया रे जाजम ढालसाँ हो राज ॥ २ ॥
आप सिधावो परदेश हगाँमी ढोला रे।
थाँरी अवलूड़ी रे धण ने आवती हो राज ॥ ३ ॥

१—उत्साही।

हूँ थानें पूछाँ बात हस हस पूछाँ बात हगाँमी
ढोला रे।
भँवरीयो छेलो मारे झझीखेह[1] घणी हो राज ॥ ४ ॥
गयाता वेलीड़ा[2] री गोढ[3] मारी सुन्दर गोरी।
भँवरीये छेलों मारे झझीखेह घणी हो राज ॥ ५ ॥
हूँ थाँने पूछूँ बात हस २ पूछूँ बात मारी सुन्दर
गोरी रे।
आँखड़ल्याँ रो सुरमो फीको क्यों पड़यो हो राज ॥ ६ ॥
पधारीया साथीड़ा रे साथ हगाँमी ढोला रे।
थारी तो अवलूड़ी रे धण ने आवती हो राज ॥
हूँ थाँनें पूछाँ बात हस हस निरमोया भँवरजी रे।
कड़ीयें[4] रो कटारो ढीलों क्यों पड़यो हो राज ॥ ८ ॥
गया ता महाराजा रे साथ मारी सुन्दर गोरी रे।
चुड़ला खेलावता ढीलो यो पड़यो हो राज ॥ ६ ॥
हूँ थानें पूछूँ बात हस २ पूछाँ बात मारी
सुन्दर गोरी रे।
बाँहयों रो चुड़लो ढीलो क्यों पड़यो हो राज ॥ १० ॥

१—फष्ट। २—साथी। ३—प्रीति भोज। ४—कमर।

आप पधारिया थेलीड़ा रे साथ हगाँमी ढोला रे ।
थाँरी अवलूड़ी धण ने आवती हो राज ॥ ११ ॥
चालो चालो नगीने रे देश मारी सुन्दर गोरी रे।
थाँरो पीहरीयो म्होंरो सासरो हो राज ॥ १२ ॥
थे दाड़म हूँ दाख हगाँमी ढोला रे।
हेके ने बागों में दोय निपज्या हो राज ॥ १३ ॥
थे मोती हूँ लाल हगाँमी ढोला रे।
हेकी ने नथड़ी में दोय पोवीया हो राज ॥ १४ ॥
थे चावल हूँ दाल हगाँमी ढोला रे।
हेके ने राँसीले दोय जीमीया हो राज ॥ १५ ॥
थे खाँडो हूँ ढाल हगाँमी ढोला रे।
हेके ने राँसीले दोय झेलीया हो राज ॥ १६ ॥
थे अटण धण चाल हगाँमी हो ढोला रे।
हेके ने राँसीले दोय घेरीया हो राज ॥ १७ ॥
हूँ थाने पूछू बात हस २ पूछों बात हगाँमी
ढोला रे।
परदेशां बेठा थां कांई कीया हो राज ॥ १८ ॥
दिन दिन लेखण हाथ मारी सुन्दर गोरी रे।
सांजड़ली पड़ी रे रौकड़ सारता हो राज ॥ १९ ॥

हूँ थाने पूछों यात, हस हस पूछू यात, मारी
सुन्दर गोरी।
थां पीहरीये येठा थां कांई कीया हो म्हारा राज॥ २०॥
दिन दिन सईयां रे साथ हगांमी ढोला रे।
सांजड़ली पड़ी रें पड़वे पोढ़ती हो राज॥ २१॥

वसंत विहार

[जला रे आंमलियां पाकी ने अब रुत आई रे]

वसंत ऋतु आने पर आम की कलियें खिल उठीं, ऋतु में नवजीवन व सौन्दर्य का संचार हुआ। ऐसे मनोरम समय में वियोगिनी अपने प्रवासी पति की याद करती हुई सौतीया डाह का संदेह करती है और इस प्रकार गीत गाती है :—

जला रे आंमलियां[1] पाकी नै अब रुत आई रे
म्हारी जोड़ी रा जला, मिरगानेणी रा जला
आंमलियां पाकी ने अब रुत आई रे जला॥ १॥
जलां रे राजां मांयलो राज भलौ राठोड़ी रे
म्हारी जोड़ी रा जला पीया प्यारी रा जलां
राजां मांहलौ राज भलो राठोड़ी रे जला॥ २॥

१—इमली।

जला सहरां मांयलो सहर भलो जोधाणों रे
म्हारी जोड़ी रा जला, पिया मारूणी रा जला
सहरां मांयलो सहर भलो जोधाणां रे जला ॥
जलां रे छींटा मांयली छींट भली मुलतानी रे
म्हारी जोड़ी रा जलां, चोता लंकी रा जला
छींटा मांयली छींट भली मुलतानी रे जला ॥
जला रे रातूं घण रो पेटड़लों घण (हद) दूख्यो रे ।
म्हारी जोड़ी रा जला, बादल भरनी रा जला ।
पेटड़लो दूख्यो नै घण दुख पाई रे जला ॥
